# प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने किया किसान रैली को संबोधित



विशेष संवाददाता

**भोपाल, 24 फरवरी. भारत-अमेरिका प्रस्तावित व्यापार समझौते के विरोध में मंगलवार को भोपाल के अटल पथ पर कांग्रेस द्वारा 'किसान महाचौपाल' के तहत एक विशाल जनसभा आयोजित की गई. सभा में राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के संबोधन के बाद प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं ने किसानों को संबोधित किया.**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि यह व्यापार समझौता नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के बीच व्यक्तिगत समझ का परिणाम है, जिससे देशहित और किसानों के हितों को नुकसान पहुंचेगा. उन्होंने कहा कि यह समझौता किसानों के लिए "तीर" साबित होगा. पटवारी ने नोटबंदी और जीएसटी को लेकर राहुल गांधी की पूर्व चेतावनियों का उल्लेख करते हुए कहा कि वे बाद में सही साबित हुईं. उन्होंने कोविड-19 महामारी के दौरान सरकार की कार्यप्रणाली की भी आलोचना की और लंबे आंदोलन के बाद कृषि कानूनों की वापसी का जिक्र किया.

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने न्यूनतम समर्थन मूल्य के मुद्दे पर सरकार को घेरा और कहा कि साठ के दशक में कांग्रेस शासन में शुरू की गई एमएसपी व्यवस्था को वर्तमान सरकार मजबूत करने में विफल रही है. उन्होंने वर्ष 2008 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में किसानों के ऋण माफी का उल्लेख किया.

इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, सह-प्रभारी संजय दत्त एवं सह-प्रभारी रणविजय लोचव उपस्थित रहे. कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य कमलेश्वर पटेल एवं ओंकार मरकाम, राष्ट्रीय मीडिया विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, अशोक सिंह, पूर्व सांसद नकुलनाथ, पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह एवं गोविंद सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदा प्रसाद प्रजापति तथा पूर्व उपाध्यक्ष हिना कावरे भी कार्यक्रम में शामिल हुए.

> पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया एवं अरुण यादव, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, पीसी शर्मा, तरुण भनोट, सुखदेव पांसे एवं जयवर्धन सिंह भी मौजूद रहे. इसके अलावा आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत भूरिया, प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक, संगठन महामंत्री डॉ. संजय कामले, एआईसीसी सचिव कुणाल चौधरी, एआईसीसी प्रभारी तनुज पुनिया, शहर जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनोखी पटेल, अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष रामू टेकाम, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान, ओबीसी विभाग के अध्यक्ष सिद्धार्थ कुशवाहा, एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे तथा यूथ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया सहित विधायकगण, पूर्व विधायकगण, विधानसभा प्रभारी, जिला अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

### 'किसान महाचौपाल' में अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं

'किसान महाचौपाल' रैली के दौरान कुछ हल्की अव्यवस्थाएं देखने को मिलीं. कार्यक्रम को कवर करने पहुंचे पत्रकारों ने बैठक व्यवस्था को लेकर असंतोष जताया. दोपहर की तेज धूप में बैठने की व्यवस्था होने से उन्हें असुविधा का सामना करना पड़ा. कार्यक्रम निर्धारित समय से विलंब से, लगभग दोपहर 3 बजे प्रारंभ हुआ, जिससे मीडिया कर्मियों और उपस्थित लोगों को परेशानी हुई.

# 14 दिन के विक्रय मूल्य पर तय होगा सरसों का मॉडल रेट

## कैबिनेट ने लगाई सरसों को भावांतर योजना में शामिल करने के प्रस्ताव पर मुहर

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 24 फरवरी. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सदन में घोषणा के एक दिन बाद सरसों को भी भावांतर योजना में शामिल कर लिया गया है. कैबिनेट ने मंगलवार को भावांतर योजना में सरसों की खरीदी के प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी.**

निर्णय के तहत 14 दिनों में मंडियों में बिक्री के औसत मूल्य के आधार पर सरसों का मॉडल रेट तय होगा, उसके बाद जो अंतर की राशि होगी, उसे किसानों को दी जाएगी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सदन में कैबिनेट के लिए गए निर्णयों की जानकारी साझा की और कहा कि सरकार किसान वर्ष में किसानों के प्रति समर्पित है.

निर्णय के तहत भावांतर योजना सरसों प्रदेश में 23 मार्च से 30 मई तक जारी रहेगी. कैबिनेट ने कृषि से जुड़ी पांच और योजनाओं को लगातार जारी रहने की मंजूरी भी दी है, इन योजनाओं पर वर्ष 2031 तक 10500 करोड़ रुपए की बड़ी राशि खर्च होगी. इनमें पीएम राष्ट्रीय कृषि विकास योजना को एक अप्रैल 2026 से 31 मार्च 31 मार्च 2031 तक बरकरार रखा जाएगा, इस अवधि में 2008 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च होगी. इसी तरह पर ड्रॉप-मोर क्रॉप योजना को भी अगले पांच वर्ष तक निरंतर रखा जाएगा, इस अवधि में 2393 करोड़ 97 लाख रुपए की राशि खर्च होगी, जिसे हरी झंडी दी गई.

इसी क्रम में मप्र में दलहन, धान, गेहूं, मोटा अनाज आदि को बढ़ावा देने के लिए शुरू राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन को भी अगले पांच वर्ष जारी रखा जाएगा. इस मिशन पर भी 3285 करोड़ 49 लाख रुपए खर्च करने की मंजूरी कैबिनेट ने दी है. इसी तरह प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की योजना नेशनल मिशन ऑन नेचरल फार्मिंग को भी 31 मार्च 2031 तक जारी रखा जाएगा.

इस मिशन के तहत 1011 करोड़ 59 लाख रुपए की राशि खर्च की जाएगी. वहीं आयातित तलों पर निर्भरत को कम करने के लिए चल रह मिशन राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन ऑयल सीड को भी 31 मार्च 2031 तक जारी रखा जाएगा, इस दौरान 1793 करोड़ 87 लाख रुपए खर्च करने की अनुमति कैबिनेट ने दी है. कैबिनेट ने जिला माइनिंग फंड को भी 31 मार्च 2031 तक जारी रहने की अनुमति दे दी है. कैबिनेट ने मप्र प्रशासनिक पुनर्गठन आयोग के प्रावधानों में बदलाव की भी मंजूरी दे दी है. हम उड़द को समर्थन मूल्य पर खरीदेंगे, 600 रुपए प्रति क्विंटल अलग से देंगे

सीएम ने सदन में कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए कहा कि किसान हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ है. आज की पूरी कैबिनेट हमने किसानो को समर्पित की है. देश में ऐसा पहली बार हो रहा है कि सरकार ने दलहन फसल, उड़द और तिलहन फसल सरसों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है.

> ### राहुल को सीएम की चुनौती
>
> सीएम द्वारा सदन में कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी को लेकर दिये व्यक्तव्य के बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राहुल गांधी के दबाव में तो सरकार किसानों को ये सौगातें नहीं दे रहे हैं. ये पहले भी दिया जा सकता था, आज ही का दिन क्यों चुना. इस पर सत्ता पक्ष के सदस्य रामेश्वर शर्मा ने कहा कि उनकी बात तो कांग्रेसी नहीं मान रहे हैं, हम क्या खाक मानेंगे, ये तो सीएम डॉ. यादव का धन्यवाद जो कि किसानों के लिए लगातार काम कर रहे हैं. इस पर सीएम ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रति अपनी निष्ठा दिखा रहे हैं, ये अच्छी बात है. मैं विनम्रता से केवल इतना कहना चाहता हूं कि राहुल गांधी जी आ रहे हैं, उनसे तीन सवाल पूछ लें, रबी और खरीफ में कौन-कौन सी फसलें लगती है. केवल ये बता दें, दलहन में कौन-कौन सी दालें मप्र में होती है और यह बता दें कि हमारे यहां तिलहन में क्या होता है.

# डाक सेवा से पहुंचेगा महाकाल और ओंकारेश्वर का प्रसाद

नवभारत न्यूज

**उज्जैन, 24 फरवरी. बाबा महाकाल और भगवान ओंकारेश्वर का प्रसाद भी भक्तों तक डाक के माध्यम से पहुंचाया जा रहा है. यह वाकई में अद्भुत कार्य है और श्री सिंधिया ने जो यह पुण्य कार्य कराया है यह अद्भुत है. पूर्व में भी इस मंत्रालय की जिम्मेदारी जब सिंधिया के पास थी तो अनेक उपलब्धियां दर्ज कराई और एक बार फिर यह रूपांतरण किया जा रहा है.**



यह बात मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन कार्तिक मेला मैदान पर ग्रामीण डाक नायकों के सम्मान में कही. कार्यक्रम की अध्यक्षता केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने की. कार्यक्रम में महत्वपूर्ण रूप से भारतीय डाक विभाग के माध्यम से उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर तथा ओंकारेश्वर ज्योर्तिलिंग मंदिर की प्रसादी आमजन तक पहुंचाने के लिए पोस्टल सेवा का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. यादव तथा केंद्रीय मंत्री सिंधिया के द्वारा किया गया. कार्यक्रम में मध्यपदेश के उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण डाक नायकों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में केंद्रीय महिला बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद अनिल फिरोजिया आदि उपस्थित थे.





10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | SHRIRAM Finance | IDFC FIRST Bank ALWAYS YOU FIRST | BAJAJ AUTO CREDIT | L&T Finance | TATA CAPITAL Two Wheeler Loans

*नियम और शर्तें लागू. बचत 28 फरवरी 2026 तक लागू है. दर्शाई गई कुल सेविंग्स का तात्पर्य है कैशबैक से प्राप्त बचत की कुल राशि, ज़ीरो प्रोसेसिंग फ़ीस और 5 फ्री सर्विसेस (3 स्टैंडर्ड फ्री सर्विसेस और 2 अतिरिक्त फ्री सर्विसेस). फ्री सर्विस की बचत, शेड्यूल्ड लेबर चार्जेस के लिए है. लागू ऑफ़र्स, मॉडल्स/राज्यों के अनुसार बदल सकते हैं. शून्य पीएफ़ पर सेविंग्स, फ़ायनान्सर पर निर्भर करते हुए लोकेशन्स के अनुसार बदल सकती हैं. फ़ायनान्स उपलब्ध है फ़ायनान्सर के अपने स्व-निर्णय पर. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें. पल्सर 125 ऑफ़र नेयॉन और कार्बन फ़ाइबर मॉडल्स पर.

**Authorised Dealers for BAJAJ Auto Ltd.: Raisen Road** SURJEET BAJAJ 2590000• **Berasia Road** GURU KRIPA BAJAJ 9329148940 • **MP Nagar** OM ADVANCE BAJAJ 9993377326 • **Biaora** YADAV BAJAJ 7987592880 • **Betul** SACHIN BAJAJ 9827063930 • **Chhatarpur** TIKARIYA BAJAJ 7470901984 • **Guna** KK BAJAJ **7303055855** • Harda SURJEET BAJAJ 9926004248 • **Itarsi** SMH BAJAJ 9399642588, 7000805580 • **Raisen** MOTI BAJAJ 8962448444 • **Sehore** SUDERSHAN BAJAJ **8225023340/9826023340• Vidisha** SHREE BALAJI BAJAJ 8839791436 • **Ashoknagar** SAHIL BAJAJ 220590.


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा.लि. के लिए आशीष श्रोती द्वारा 3, इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स, रामगोपाल माहेश्वरी मार्ग, महाराणा प्रताप नगर, जोन-1, भोपाल से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंदिरा प्रेस कॉम्प्लेक्स से मुद्रित. संपादक दिलीप झा*, *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत जिम्मेदार, फोन-4939198, ईमेल-bhopalnav@gmail.com RNI Reg. No. 35046/56 डाक पंजीयन क्रमांक M.P/B.P.L/711/2012-14